C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:24 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:11 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 33 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

अपनी दम पर बॉलीवुड में कमाया...पेज-3 पर

## हल्द्वानी-लालकुआं रेलवे भूमि आसपास अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया तेज

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

रेलवे प्रशासन अब अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हरकत में आया है। योजना के तहत रेलवे भूमि क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इसी क्रम में हल्द्वानी और लालकुआं रेलवे भूमि के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया अब तेज कर दी गई है। रेलवे, वन विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त बैठक हल्द्वानी तहसील में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रेलवे की भूमि पर किए गए



अतिक्रमण की पहचान कर उन्हें हटाया जाएगा।
बैठक के तुरंत बाद संयुक्त टीम ने हल्द्वानी और लालकुआं रेलवे स्टेशन क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। सर्वे का काम आज से शुरू कर दिया गया है। अतिक्रमण चिन्हित कर उसकी एक समेकित

**बैठक**

- रेलवे प्रशासन अब अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हरकत में आया

रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, अमृत भारत योजना के तहत हर स्टेशन की जरूरतों के आधार पर विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किए जाते हैं, और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाता है। इस योजना के तहत स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के विस्तार, प्लेटफार्म ऊंचाईकरण, सर्कुलेटिंग एरिया सुधार और पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाया जाना शामिल है। स्थानीय प्रशासन की मानें तो जनहित और रेलवे की विकास योजनाओं को देखते हुए अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। इस अभियान से रेलवे की जमीन को पुन: कब्जे में लेकर यात्री सुविधाओं के विकास और स्टेशन आधुनिकीकरण के कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक राय, उप जिलाधिकारी राहुल शाह, नगर आयुक्त ऋचा सिंह के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## News कॉर्नर

### 62 वाहनों के चालान व 6 वाहन सीज किए

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्यवाही में 62 वाहनों के चालान किए और 06 वाहनों को सीज किया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन जितेंद्र सांगवान, परिवहन कर अधिकारी विमल उप्रेती अनुभा आर्य, परिवहन निरीक्षक नंदन रावत, गिरीश कांडपाल के द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई की। इसके साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान भी संचालित किया गया। चैकिंग में बस, ट्रक, टैक्सी, मैक्सी, कार, मोटरसाइकिल, ई रिक्शा, ऑटो आदि वाहनों को चेक करते हुए परमिट शर्तों का उल्लंघन, निर्धारित यूनिफॉर्म ना पहनना, लगेज ओवरसाईज, ओवरलोड ,फिटनेस, टैक्स, हेलमेट, नोपार्किंग, सीट बेल्ट आदि अभियोग में प्रवर्तन कार्रवाई की गयी। सीज वाहनों में चार ई रिक्शा, एक ऑटो और एक पिकअप वाहन सम्मिलित है। संभागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी गुरदेव सिंहने बताया कि वाहनों का चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा आए दिन सड़क हादसे में लोगों की मौत हो रही है इसी के चलते नगर में चौकी अभियान चलाया जा रहा है ओवरलोडिंग ट्रिपल रइटिंग नाबालिको द्वारा वाहन चलाए जा रहे हैं।

### रकसिया नाला उफान पर आया, टैंपो बहा, बाल-बाल बचे लोग

**हल्द्वानी।** देर रात हुई मूसलाधार वर्षा से रकसिया नाला अचानक उफान पर आ गया। जिससे स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मच गई। नाले के उफान में दमुवाढुंगा शिव मंदिर के पास इस नाले को पार कर रहा एक ऑटो अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गया और बह गया। गनीमत रही कि ऑटो में बैठे सभी लोगों ने आनन फानन में ऑटो से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई जिससे बड़ा हादसा होते टल गया।बताया जा रहा है कि रकसिया नाले के कैचमेंट क्षेत्र में भारी बारिश हुई है, जिससे नाले में पानी का स्तर तेजी से बढ़ गया। इसके बावजूद ऑटो चालक ने नाले को पार करने की कोशिश की, जिसके चलते ऑटो तेज बहाव में फंस गया और बह गया।नगर निगम द्वारा पहले ही बरसात के दौरान नाले को पार न करने की चेतावनी वाले जगह जगह बोर्ड लगाए गए हैं।

फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर

## दिल्ली के 20 स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली में शुक्रवार सुबह-सुबह एक दो नहीं बल्कि 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार तड़के बम होने की सूचना मिली। सूचना ई-मेल के जरिए तड़के 4.55 बजे मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ साथ बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता और दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं।

दिल्ली में आए दिन स्कूल, कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के 20 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। पुलिस के अनुसार, दिल्ली के पश्चिम विहार में रिचमंड ग्लोबल स्कूल को बम की धमकी मिली है। बम की धमकी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और दिल्ली पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। टीम जांच पड़ताल कर रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच चल रही है। पिछले तीन दिनों में दिल्ली के दस



स्कूलों और एक कॉलेज को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल को भी बम की धमकी मिली है। पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार तड़के बम होने की सूचना मिली। सूचना ई-मेल के जरिए तड़के 4.55 बजे मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ साथ बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता और दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं। स्कूल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है। अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। तलाशी अभियान के बाद ही छात्रों को स्कूल में प्रवेश की इजाजत होगी। वहीं रोहिणी सेक्टर तीन स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को भी बम की धमकी मिली। दिल्ली के पांच निजी स्कूलों को बीते बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में दहशत फैल गई। स्कूल के परिसर गहन जांच के लिए तत्काल खाली कराए गए। हालांकि सभी स्कूलों में जांच के बाद कुछ नहीं मिला। पुलिस ने सभी सूचनाओं को झूठा करार दिया।

### दिल्ली के बाद बंगलूरू के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

राजधानी दिल्ली के बाद अब बंगलूरू के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद शहर की पुलिस अलर्ट पर है। शहर भर के स्कूलों में जांच की जा रही है। राजधानी दिल्ली के बाद भारत का सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बंगलूरू के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

## यूपी में केदारनाथ के नाम से मंदिर बनने का विरोध आंदोलन की दी चेतावनी

देहरादून
हमारे संवाददाता

बीते वर्ष दिल्ली में केदारनाथ धाम के नाम से मंदिर निर्माण शिलान्यास करने का तीर्थ पुरोहितों से विरोध किया था। इसके बाद मंदिर का निर्माण कर रहे ट्रस्ट से फैसला वापस लिया।

उत्तर प्रदेश के इटावा में केदारनाथ धाम के नाम से मंदिर निर्माण का विरोध शुरू हो गया। केदारनाथ धाम के तीर्थ पुरोहितों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्माण बंद नहीं किया तो यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव के घर पर धरना दिया जाएगा। बीते वर्ष दिल्ली में केदारनाथ धाम के नाम से मंदिर निर्माण शिलान्यास करने का तीर्थ पुरोहितों से विरोध किया था। इसके बाद मंदिर का निर्माण कर रहे ट्रस्ट से फैसला वापस लिया। अब उत्तर प्रदेश के इटावा में केदारनाथ के नाम से केदारेश्वर मंदिर निर्माण का तीर्थ पुरोहितों ने विरोध शुरू कर दिया। तीर्थ पुरोहितों का आरोप है कि सपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के संरक्षण में मंदिर निर्माण किया जा रहा है। केदारनाथ में आचार्य संतोष त्रिवेदी ने कहा, केदारनाथ धाम नाम से मंदिर निर्माण पर रोक नहीं लगाई जाती तो तीर्थ पुरोहित समाज अखिलेश यादव के घर पर धरना के लिए बाध्य होगा।

केदारनाथ का प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण से देश-दुनिया के श्रद्धालुओं की आस्था पर ठेस पहुंचाना उचित नहीं है। उधर बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी। इसके बाद विधिक राय लेकर बीकेटीसी इस पर कार्रवाई करेगी।



## कमर्शियल टैक्स के विरोध में क्षेत्र में जनजागरण अभियान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वार्ड 52 की जनप्रिय पार्षद रेखा बिनवाल ने भवन कर ( कमर्शियल टैक्स) के विरोध में समस्त क्षेत्र के व्यापारियों के साथ मिलकर क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और भवन स्वामियों और सभी व्यापारियों को इस कर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक भवन कर वह कमर्शियल टैक्स को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं आते, तब तक नागरिक भवन कर कमर्शियल टैक्स जमा न करें। पार्षद श्रीमती रेखा ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि एक सामाजिक विषय है। जिस जनता ने मुझे विश्वास के साथ पार्षद चुना है, मैं हमेशा उनके साथ खड़ी रहूंगी। सरकार पहले मूलभूत सुविधा को धरातल पर उतारे फिर किए गए वादे के अनुसार 10 साल बाद ही इस टैक्स को लेकर आए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे एकजुट होकर इस अन्यायपूर्ण कर का विरोध करें और भरोसा दिलाया कि वह हर मंच पर जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहेंगी। इस मौके पर उनके साथ व्यापार मंडल की ग्रामीण इकाई के साथ ही शहर के कई प्रमुख व्यापारी व भवन स्वामी भी इस अभियान में शामिल हुए। इस दौरान दीपक गुरुरानी,फैज़ान अहमद, हरीश मठपाल, दिनेश जोशी, डीके शर्मा ,भास्कर त्रिपाठी , हरीश कपिल ,एडवोकेट मलकानी , शकील अहमद, पान सिंह बिष्ट,आदि मौजूद रहे।

## आधी-अधूरी तैयारियों के बीच गीता के श्लोक पढ़ाने के निर्देश

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में आधी-अधूरी तैयारियों के बीच स्कूलों में गीता के श्लोक पढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए गए। तीन दिन बाद भी कुछ स्कूलों में गीता श्लोक नहीं पढ़ाया जा रहा है।

प्रदेश के सरकारी और अशासकीय स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान गीता का श्लोक सुनाने और इसका अध्ययन कराने के विभाग के निर्देश के तीन दिन बाद भी कुछ स्कूलों में इस पर अमल नहीं किया जा रहा है। स्कूलों का कहना है कि उनके पास इस तरह का निर्देश नहीं पहुंचा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने 14 जुलाई को सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया था। निर्देश में कहा गया कि प्रार्थना सभा के दौरान

### कुछ स्कूलों के पास नहीं कोई जानकारी



बच्चों को श्लोक सुनाने के साथ ही इसका अर्थ बताया जाएगा। इसके अलावा सप्ताह के एक श्लोक को अर्थ सहित सूचना पट पर लिखकर छात्र-छात्राओं को इसका अभ्यास कराया जाएगा, लेकिन निदेशक के निर्देश के बाद भी कुछ स्कूलों में इस पर अमल नहीं किया जा रहा है। जीआईसी लांघा के प्रधानाचार्य पीसी सेमवाल के मुताबिक इससे संबंधित निर्देश स्कूल को अभी मिला है। स्कूल की संस्कृत की शिक्षिका भी इन दिनों चुनाव डयूटी पर है। जीआईसी बड़ोवाला जौलीग्रांट के शिक्षक के मुताबिक प्रार्थना सभा में छात्र श्लोक सुनाते हैं, लेकिन बच्चों को इसका अर्थ नहीं बताया जा रहा है।

> *सभी सीईओ को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। प्रधानाचार्यो का यह कहना गलत है कि स्कूल को इस संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला।*
> ***-डॉ. मुकुल कुमार सती, निदेशक माध्यमिक शिक्षा***

जीआईसी बुल्लावाला के प्रधानाचार्य ईम्दादुल्लाह अंसारी बताते हैं कि प्रार्थना सभा में गीता का श्लोक सुनाने या पढ़ाने के संबंध में स्कूल को अब तक कोई निर्देश नहीं मिला। हालांकि जीजीआईसी राजपुर रोड में छात्राओं को गीता का श्लोक पढ़ाया जा रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य प्रेमलता बौडाई के मुताबिक संस्कृत की शिक्षिका छात्राओं को श्लोक सुनाकर इसका अर्थ बता रही हैं।

# अभिमत



## मातृभाषा का महत्व

***असल मुद्दा मातृभाषा का है। भारत में प्रदेशों का नामकरण क्षेत्र विशेष में रहने वालों की लोकभाषा के आधार पर हुआ है। राज्यों के लोग अपनी लोकभाषा तमिल, कन्नड़, बंगाली, पंजाबी, असमी आदि में बातचीत करते हैं। इसी आधार पर तमिलनाडु, पंजाब, कर्नाटक आदि राज्य हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जनसम्पर्क और राजकीय कामकाज अंग्रेजी में होता है। जबकि पूरे देश में 90 प्रतिशत लोग हिन्दी समझते और बोलते हैं। क्षेत्रवाद की राजनीति के तहत हिन्दी का दक्षिण भारत के राज्यों में विरोध किया जाता है। संविधान में हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित नहीं किया गया, इसी लिए हिन्दी के विरोध की समस्या है।***

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषा को बढ़ावा देने के बजाय मातृभाषा में बातचीत और त्रिभाषा फार्मूले के तहत प्रारंभिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी चाहिए। दक्षिण भारत के राज्यों के अलावा महाराष्ट्र में भी हिन्दी का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण है। असल मुद्दा मातृभाषा का है। भारत में प्रदेशों का नामकरण क्षेत्र विशेष में रहने वालों की लोकभाषा के आधार पर हुआ है। राज्यों के लोग अपनी लोकभाषा तमिल, कन्नड़, बंगाली, पंजाबी, असमी आदि में बातचीत करते हैं। इसी आधार पर तमिलनाडु, पंजाब, कर्नाटक आदि राज्य हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जनसम्पर्क और राजकीय कामकाज अंग्रेजी में होता है। जबकि पूरे देश में 90 प्रतिशत लोग हिन्दी समझते और बोलते हैं। क्षेत्रवाद की राजनीति के तहत हिन्दी का दक्षिण भारत के राज्यों में विरोध किया जाता है। संविधान में हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित नहीं किया गया, इसी लिए हिन्दी के विरोध की समस्या है। मोहन भागवत कह रहे हैं कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा और राज्यों की लोकभाषाओं को उन प्रदेशों के रहने वालों के लिए मातृभाषा घोषित किया जाये। अंग्रेजी का विरोध उचित नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी सम्पर्क भाषा है। अंग्रेजी के माध्यम से भारत के युवाओं ने इंजीनियरिंग और चिकित्सा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भारत की लोकभाषाएं उन भाषाओं के लेखकों और पुस्तकों तक सिमटती जा रही हैं। संस्कृत, हिन्दी और लोकभाषाओं के ग्रंथों का अध्ययन करने वाले घटते जा रहे हैं। उत्तर भारत के राज्यों में हिन्दी आम बोलचाल की भाषा है। कई बार देखा जाता है कि युवा पीढ़ी हिन्दी के क्लिष्ट शब्दों का अर्थ गूगल में सर्च करके अंग्रेजी में तलाशती है। इंग्लिश मीडियम के स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े बच्चे हिन्दी में गिनती तक नहीं समझते हैं। उन्तालीस को थर्टीनाइन कहकर समझाना पड़ता है। संस्कृत, हिन्दी और लोकभाषाओं में भारत की सभ्यता, संस्कृति और कला का अकूत भंडार है। क्षेत्रवाद, भाषावाद और जातिवाद की संकीर्णता से मुक्त करने के लिए हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित करना आवश्यक है। भाषा के आधार पर देश को उत्तर और दक्षिण में बांटकर राजनीति करने वाले राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए घातक हैं।

# अत्याधुनिक इंडोर फायरिंग रेंज का लोकार्पण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में वीरवार को अत्याधुनिक इंडोर फायरिंग रेंज का लोकार्पण किया गया। इस रेंज में चार एयर राइफल एवं चार एयर पिस्टल की सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं जो विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के एनसीसी कैडेट्स को नियमित एवं संरचित फ ायरिंग अभयास के अवसर प्रदान करेंगी,इतना ही नहीं यह सुविधा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों/ प्रतियोगिताओं और रक्षा सेवाओं में चयन की तैयारी में विशेष रूप से लाभान्वित करेगी।

इस अवसर पर ब्रिगेडियर संजय चौहान (उप निदेशक उत्तराखण्ड एनसीसी निदेशालय) ने फायरिंग रेंज का विधिवत उद्घाटन किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल परेड और अनुशासन तक सीमित नहीं है यह युवाओं में आत्मनिर्भरता/ आत्मविश्वास/ नेतृत्व और देशभक्ति जैसे मूल्यों को विकसित करता है। यह फ ायरिंग रेंज कैडेट्स को उत्कृष्टता की दिशा में एक ठोस आधार प्रदान करेगी और उन्हें रक्षा सेवाओं के लिए अधिक सक्षम बनाएगी। कार्यक्रम में कमोडोर बी.आर. सिंह (ग्रुप कमांडर एनसीसी मुखयालय नैनीताल) तथा कर्नल राजेश कौशिक (कमांडिंग ऑफिसर 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कमोडोर बी.आर. सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी और इसे उत्तराखण्ड में एनसीसी के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। फ ायरिंग रेंज की स्थापना से कैडेट्स को स्थायी, सुरक्षित एवं सुसंगठित प्रशिक्षण सुविधा मुहैया होगी जिससे वे प्रादेशिक/ राष्ट्रीय और रक्षा सेवा चयन परीक्षाओं में उच्च प्रदर्शन कर सकें। यह केंद्र विश्वविद्यालय को सैन्य प्रशिक्षण की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त प्रयास भी है।

इस अवसर पर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडबलू प्रो. संजय पंत,मुखय कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत डॉ. रीतेश साह, प्रो. आशीष मेहता, संजय पंत (सहायक अभियंता) सहित कई प्राध्यापकों व एनसीसी अधिकारियों एवं बड़ी संखया में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

नैनीताल बता दें इस परियोजना पर कुल लगभग 21 लाख रुपएं की लागत आई है। उद्घाटन समारोह के दौरान इसके सफ ल क्रियान्वयन में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो,कर्नल दीवान सिंह रावत के साहसिक नेतृत्व, दूरदर्शी दृष्टिकोण एवं एनसीसी के प्रति विशेष प्रतिबद्धता हेतु विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। वकताओं ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में यह सपना साकार हुआ है।

## सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने और दबंगई का आरोप

**नैनीताल ।** नैनीताल- हल्द्वानी मोटर मार्ग पर बेलुवाखान में ग्रामीण ने एक होटल कारोबारी पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने और दबंगई दिखाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने होटल कारोबारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुखयमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है।

बेलुवाखान निवासी दलीप सिंह ने मुखयमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि बेलुवाखान में होटल स्वामी के नाती ने 2004 में राज्य सरकार की भूमि पर होटल बना लिया है जबकि वह प्रशासन से लगातार अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा होटल स्वामी का नाती ग्रामीणों का परेशान कर रहा है, अब तक राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस कारण होटल स्वामी ने सरकारी भूमि पर नए होटल के निर्माण की शुरुआत कर दी है। उन्होंने मुखयमंत्री ये शिकायत करते हुए निर्माण पर रोक लगाते हुए होटल को बंद कराने की मांग की है।

# ऑल सेंट्स कॉलेज में एक दिवसीय साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में वीरवार को एक दिवसीय साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गयाए जिसमें कक्षा 4 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


बता दें बदलते समय में इंटरनेट और डिजिटल तकनीक का बढ़ता उपयोग जहाँ सुविधाएं प्रदान कर रहा है वहीं इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता से परिचित कराना और उन्हें एक जिममेदार डिजिटल नागरिक बनाना रहा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसका संचालन ए. के गुप्ता के दिशा निर्देशन में स्वयं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने किया। उन्होंने तकनीकी दुनिया में अत्यधिक लिप्त होने के फ ायदे और नुक सान पर प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डाला। छात्रों ने वीडियो प्रस्तुतियों व चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट व मोबाइल और सोशल मीडिया की लत तथा ऑनलाइन ट्रेंड्स जैसे गिबली आर्ट और चैट जीपीटी की कार्यप्रणाली व उनके सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि कैसे लापरवाही से किया गया इंटरनेट का उपयोग बच्चों और युवाओं को मानसिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से नुकसान पहुँचा सकता है। साथ हीए उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के उपाय भी बताए जैसे कि मजबूत पासवर्ड का उपयोगए अनजान लिंक पर किलक न करना और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से परहेज करना। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजीना रिचर्ड्स ने छात्रों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं आज के युग की आवश्यकता हैं, इससे न केवल तकनीकी ज्ञान बढ़ता है बल्कि बच्चों में सजगता और विवेकशीलता भी विकसित होती है। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं समेत सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## अपनी दम पर बॉलीवुड में कमाया नाम, फिर हासिल किया टिकट टू हॉलीवुड





*बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस बनने से लेकर इंटरनेशनल स्टार बनने तक, काफी रोमांचकारी है प्रियंका चोपड़ा की जर्नी। उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर बरेली से निकलीं प्रियंका चोपड़ा अब एक इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। मॉडलिंग, फिर मिस वर्ल्ड का खिताब, उसके बाद बॉलीवुड में डेब्यू और फिर इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस और कई अवॉर्ड्स। उसके बाद सीधे टिकट टू हॉलीवुड। किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है प्रियंका चोपड़ा की असल जिंदगी। आज प्रियंका अपना 43वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर वो अपने पति निक जोनस के साथ एंजॉय कर रही हैं। जन्मदिन के मौके पर जानते हैं कैसी रही प्रियंका की जर्नी। प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में शुरुआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद हुई। प्रियंका ने साल 2003 में आई फिल्म 'द हीरो- लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई' से की। इसमें उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा जैसे स्टार भी शामिल थे। इसके बाद इसी साल प्रियंका अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ फिल्म 'अंदाज' में नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और प्रियंका इंडस्ट्री की नजरों में आ गईं। उसके बाद साल 2004 में प्रियंका सलमान खान-अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'मुझसे शादी करोगी' जैसी एक और सफल फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस आईं। इसी साल प्रियंका 'ऐतराज' में निगेटिव रोल में नजर आईं और अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद प्रियंका इंडस्ट्री में पूरी तरह से स्थापित हो गईं। अपने डेब्यू के बाद प्रियंका के खाते में कुछ फ्लॉप फिल्में भी आईं, लेकिन प्रियंका लगातार इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स के साथ काम करती रहीं। साल 2006 में प्रियंका को अपने करियर में जबरदस्त सफलता मिली जब उनके खाते में 'कृष' और 'डॉन' जैसी दो ब्लॉकबस्टर फिल्में आईं। इनमें प्रियंका ऋतिक और शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार्स के साथ नजर आईं। इसके बाद कई फ्लॉप देने के बाद प्रियंका को 2008 में सफलता हाथ लगी जब वो मधुर भंडारकर की फिल्म 'फैशन' में नजर आईं। इस फिल्म में मॉडलिंग की दुनिया के पीछे की सच्चाई को दिखाया गया था।*

### टिकट टू हॉलीवुड

*बॉलीवुड में सफलता पाने के बाद और हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बनने के बाद प्रियंका ने रुख किया हॉलीवुड का। साल 2015 में वो पहली बार अमेरिकन टीवी सीरीज 'क्वांटिको' में नजर आईं। इस सीरीज के दो सीजन आए दोनों में प्रियंका नजर आईं और उनके काम की तारीफ भी हुई और उन्हें अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद साल 2017 में वो हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'बेवॉच' में नजर आईं। 'क्वांटिको' और 'बेवॉच' से प्रियंका ने हॉलीवुड में अपनी जगह बना ली। इसके बाद धीरे-धीरे प्रियंका का रुख बॉलीवुड से ज्यादा हॉलीवुड की तरफ रहने लगा। बाद में वो 'ए किड लाइक जैक', 'द मैट्रिक्स रिसरेक्शन', 'वी कैन बी हीरोज', 'लव अगेन' और हालिया रिलीज 'हेड्स ऑफ स्टेट्स' जैसे कई हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में अहम भूमिकाओं में नजर आईं।*

# रक्तदान और पौधरोपण जीवनदायिनी कार्यः पंत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में नमामि गंगे समिति द्वारा हरेला पखवाड़े में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रितुराज पंत, नोडल अधिकारी नमामि गंगे, द्वारा स्वयं रक्तदान करके प्रेरणादायक रूप से किया गया। इस अवसर पर डॉ. पंत ने कहा, हरेला केवल पौधरोपण का पर्व नहीं, यह हमारे जीवन, पर्यावरण और समाज के प्रति जिम्मेदारी का उत्सव है। रक्तदान और पौधरोपण —दोनों ही जीवनदायिनी कार्य हैं, जिन्हें जोड़कर हम पर्यावरण और मानवता दोनों की सेवा कर सकते हैं। एक पेड़ मां के नाम मुहिम यह अभियान छात्राओं को अपनी मां के नाम एक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे पर्यावरणीय चेतना और पारिवारिक मूल्यों का सुंदर संगम हो सके। इस पहल के माध्यम से छात्राएँ यह संदेश देती हैं कि जैसे मां जीवन देती है, वैसे ही एक वृक्ष भी प्रकृति का वरदान है। डॉ0 पंत ने कहा कि आगामी कुछ दिवसों तक यह मुहिम जारी रहेगी और आम जनमानस से भी अपील की कि इसका मुहिम का हिस्सा बने साथ ही औरों को भी प्रेरित करें। रक्तदाता मुखानी स्थित ब्लड सेंटर में आकर इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं।रक्तदान के लाभ बताते हुए रक्तदान केंद्र के तकनीशियन पंकज भट्ट बताते हैं कि रक्तदान से न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, बल्कि रक्तदाता के शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, आयरन संतुलन से हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है, मानसिक संतोष की अनुभूति होती है तथा स्वास्थ्य परीक्षण का अवसर भी मिलता है। इस आयोजन में महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर हल्द्वानी ऑनलाइन संस्था के अध्यक्ष दिनेश लोशाली, खिमेश पनेरू, तकनीशियन दीपक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

19 जुलाई, को भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह के जनपद आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने स्पोर्ट्स स्टेडियम बहुउद्देशीय हॉल में नोडल, लाइजनिंग अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की बैठक में डीएम ने कहा कि गृहमंत्री पंतनगर एयरपोर्ट में उतरेंगे इसलिए, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, वीआईपी मूवमेंट, जनसभा स्थल की व्यवस्थाएं, पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा एवं अन्य सभी बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,गृहमंत्री का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी नोडल अधिकारी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित रूप से सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ विभाग का मय चिकित्सकों के स्टॉल लगाया जाएगा व आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस एम्बुलेंस भी रहेगी। उन्होंने सुचारू विद्युत व्यवस्था रखने व जनरेटर व्यवस्था भी रखने के निर्देश मुख्य अभियंता विद्युत को दिए। अतिथियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी लाइजिंग ऑफिसर अपने दायित्वों का त्रुटिरहित निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने कहा कि अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।सभी नोडल अधिकारी कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हुए सूचना भी देना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में प्रबंध निदेशक सिडकुल सौरभ गहरवार, उपाध्यक्ष प्राधिकरण जय किशन, सीडीओ दिवेश शाशनी, डैम जीबी पंत विश्वविद्यालय बीएस चलाल,अधिशासी निदेशक यूआईआरडी एससी द्विवेदी,एमडी मंडी हेमंत वर्मा, गन्ना एवं चीनी आयुक्त टीएस मर्तोलिया, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल,एडीएम कौस्तुभ मिश्र, महाप्रबंधक सिडकुल पूरन सिंह राणा,सीएमओ डॉ केके अग्रवाल, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल समेत अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।



### रुद्रपुर पहुंचे मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक

**रुद्रपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को अपर पुलिस महानिदेशक लॉ एंड ऑर्डर ने यहां पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ब्रीफिंग की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। जिस पुलिस कर्मी की जिस जगह पर तैनाती हो, वह ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं। केंद्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम में कुमाऊं के जनपदों से पुलिस फोर्स पहुंचा है। पीएसी भी मौजूद रहेगी। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी भी पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया। केंद्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### जिपं सदस्य प्रत्याशी खुशाल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**नैनीताल ।** सोलह तलिया से भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी खुशाल सिंह बिष्ट के चुनाव कार्यालय सौंड का उद्घाटन विधायक सरिता आर्या, विधानसभा नैनीताल के प्रवेशक देवेंद्र ढैला व विजय भट्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्या ने संयुक्त रुप से किया । उसके पश्चात बैठक में बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी व चुनाव प्रभारियों की बैठक में चुनाव से संबंधित जानकारी दी गई। इस योजना बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेश उप्रेती ने की। बैठक में 22 बूथों के अध्यक्ष व शक्ति केंद्र के संयोजक व प्रभारी उपस्थित रहे । बैठक में तलिया सोलह से प्रत्याक्षी खुशाल सिंह बिष्ट ,मंडल महामंत्री हिमांशु मेहरा,तारा सिंह, तलिया प्रभारी आनंद सिंह बिष्ट, हरीश राणा,पंकज बर्गली, राम सिंह, गिरीश त्रिपाठी, यशपाल मेहरा,खीम सिंह बिष्ट, ध्यान सिंह,भोपाल सिंह व सुभाष बधानी आदि मौजूद रहे।

### नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ अभियान

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद तल्लीताल पुलिस ने क्षेत्र में गश्त कर नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने इस दौरान 18 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को तल्लीताल पुलिस ने मॉलरोड, कैनेडी पार्क, जू रोड और जिला पंचायत रोड पर गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों को नियम बताए। वहीं नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वालों के वाहनों को हटाया साथ ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले पांच लोगों व नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वाले 13 लोगों के खिलाफ चालानी यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# उत्तराखंड निवेश उत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

देश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने पंतनगर पहुंचकर आगामी 19 जुलाई को रुद्रपुर में आयोजित होने वाले उत्तराखंड निवेश उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित विभागों को समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस भव्य आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। 1 लाख करोड़ की ग्राउंडिंग की जाएगी, जिससे राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की और कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड के आर्थिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा, काशीपुर के मेयर दीपक बाली,राज्य मंत्री अनिल कपूर ,भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एडीएम पंकज उपाध्याय सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



**निर्देश**

● जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# रुद्रपुर पुलिस ने चाकू समेत दो दबोचे, पूछताछ में पुलिस को मिली अहम जानकारी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनावो में शांति व्यवस्था के मद्देनजर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चाकू बरामद किए। पुलिस पूछताछ में दोनों से अहम जानकारी मिली है।

पुलिस के मुताबिक एसएसपी के आदेशानुसार एवं एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, सीओ सिटी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर मनोज रतूड़ी,एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में अवैध असला रखने, नशे की रोकथाम को कार्रवाई कर रही। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दिशा निर्देशों का पालन करानेको लगातार चैकिंग की जा रही है। बुधवार रात को पुलिस ने गश्त के दौरान दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से एक एक रामपुरिया चाकू बरामद हए। एसएसआई ने बताया कि पुलिस पूछताछ में दोनों से अहम जानकारी भी मिली है। पुलिस उस पर कार्रवाई करेगी। दोनों बाईक पर सवार थे। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम सुमित गंगवार हाल निवासी ग्राम लालपुर नीलकंठ कॉलोनी थाना किच्छा,सुमित सागर निवासी वार्ड नंबर 8 शिव नगर थाना ट्रांजिट कैंप बताया। दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में एएसआई अमित कुमार, प्रवीन रावत,दीपक कुमार आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मेहनत रंग लाई,लापता किशोर हरियाणा से बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

डेढ़ वर्ष पहले घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोर को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने हरियाणा से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। किशोर के मिलने पर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।? 10 मई 2024 को नई सुनैहरी किच्छा निवासी 10 वर्षीय हिमांशु पुत्र सोनी गायब हो गया था। ताऊ सूर्य प्रकाश शर्मा ने 11 मई को पुलिस को तहरीर देते हुए उसकी बरामदगी की मांग की थी। किच्छा कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। कई माह बीत जाने के बाद भी जब हिमांशु की बरामद नहीं हुआ तो एसएसपी ने जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी बसंती आर्या के सुपुर्द की। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने जांच शुरू करते हुए आवश्यक जानकारी ली। साथ ही किशोर का विवरण पुलिस के वात्सल्य एप पर लोड किया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी के मुताबिक पता चला कि हिमांशु का जन्म बहेड़ी बरेली में हुआ था। जिसके बाद टीम बहेड़ी पहुंची और उसके पंपलेट चस्पा किए। इस संबंध में यूनिट प्रभारी ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि हिमांशु की मां उसके पिता सोनी को छोड़कर जा चुकी थी। ऐसे में सोनी उसकी परवरिश कर रहा था। इस बीच सोनी की भी मौत हो गई। जिसके बाद उसके किच्छा नई सुनैहरी निवासी ताऊ सूर्य प्रकाश शर्मा उसे अपने घर ले गए थे। बहेड़ी में चस्पा किए गए हिमांशु के लापता पंपलेट में दर्ज एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी बसंती आर्या के मोबाइल नंबर पर हरियाणा पुलिस की काल आई। बताया कि जिस बच्चे का पोस्टर लगा है, वह राधा कृष्ण बाल आश्रम नारायणगढ़ हरियाणा में है। जानकारी मिलने पर यहां से पुलिस टीम हरियाणा पहुंची और वीडियो काल कर उसके ताऊ सूर्य प्रकाश शर्मा से संपर्क किया। वीडियो काल में अपने भतीजे हिमांशु को उन्होंने पहचान लिया। गुरुवार को पुलिस टीम हिमांशु को लेकर रुद्रपुर पहुंची। यूनिट प्रभारी ने हिमांशु को उसके ताऊ व ताई के सुपुर्द कर दिया। भतीजा मिलने पर ताऊ ताई के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। हिमांशु ताई से लिपट गया।



### स्वच्छता सर्वेक्षण में हल्द्वानी निगम फिसड्डी

**हल्द्वानी।** देशभर में निकायों के स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आज अवार्ड सेरेमनी आयोजित की गई थी। जिसमें देश की महामहिम राष्ट्रपति सहित शहरी विकास मंत्री ने स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नगर निगम, नगर पालिकाएं और नगर पंचायत को सम्मानित किया, इस दौरान कुमाऊं का सबसे बड़ा नगर निगम हल्द्वानी इस बार पिछले बार के सर्वेक्षण से 80 रैंक नीचे गिर गया। सर्वेक्षण की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष नगर निगम 211 रैंक पर था जो इस बार 291 रैंक पर पहुंच गया। नगर निगम की व्यवस्थाओं में सुधार होने के बजाय निगम और पीछे चला गया।

# शेरवानी हिलटॉप होटल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित शेरवानी हिलटॉप होटल के महाप्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के नेतृत्व में बीते दिवस होटल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा माल रोड में स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए सफाई अभियान चलाया। इस दौरान रोड में झाड़ू लगाकर पेड़ से झड़े पत्तों, चिप्स के रैपर आदि को एकत्र कर पन्नी में भरकर उसका निस्तारण किया।

इस दौरान महाप्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा ने बताया पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी हमारे संस्थान ने स्वच्छ नैनीताल के तहत माल रोड में अभियान चलाकर लोगों को संदेश देने की कोशिश की है कि सफाई रखना हम सबका भी कर्तव्य है और हम सबको अपने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ रखना चाहिए इससे पर्यटकों को भी एक अच्छा संदेश मिलेगा क्योंकि सरोवर नगरी पर्यटन नगरी है और यहां देश-विदेश से पर्यटक घूमने आते हैं। इस मौके पर होटल के प्रबंधक जीवन बिष्ट, दिनेश पालीवाल, मदन सिंह, दीवान सिंह, कुंदन चंद, नवीन, दीपेंद्र राणा, हरीश भट्ट, बलवंत सिंह, अभिनव व कुंदन सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



# रोटरी क्लब ऑफ हल्द्वानी ने वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रोटरी क्लब ऑफ हल्द्वानी की ओर से कृष्णा कुंज में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर संयोजक विनोद गडकोटी, सचिव आशीष दुम्का, वी के शर्मा, गिरीश बिष्ट, आर पी सिंह, अशोक मित्तल, डॉ उषा भट्ट, डॉ प्राची थपलियाल ने किया। सचिव आशीष दुम्का ने 35वी बार रक्तदान कर ब्लड डोनेशन की शुरूआत की। संयोजक गड़कोटी ने बताया की रक्तदान महादान है। स्वास्थ्य शरीर के रक्तदान करना जरूरी है। इससे हम किसी जरूरतमंद लोगों की जान बचा सकते है। रो. डॉ. प्रविंद्र रौतेला ने बताया की रक्तदान शरीर के लिए काफी अच्छा है। करीब 15 प्रतिशत लोग अनफिट पाए। फिर भी 65 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में शोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की टीम ने सहयोग किया। शिविर में कुल 65 लोगों ने रक्तदान कर समाज में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। सचिव दुम्का ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। शिविर में रोटेरियन विनोद गड़कोटी, रो. मोहन रावत, रो. डॉ. प्रविंद्र रौतेला, रो. उदय भट्ट, रो. सुनील जोशी, शालिनी शाह, निधी अग्रवाल, निखिल पंत, सिद्धांत बहुगुणा, आयुष्मान साहनी, आर पी सिंह, निर्मल त्रिपाठी, निशांत गड़कोटी, सीओ लालकुआ दीपशिखा अग्रवाल, रो.विनीत त्रिपाठी, रो. कमल झुनझुनवाला, क्वींस पब्लिक स्कूल के स्टाफ, सिंथिया स्कूल के स्टाफ, जंगल फिएस्टा के स्टाफ आदि ने रक्तदान किया। इस मौके पर रो. वी के शर्मा, रो. अशोक मित्तल, रो. डॉ. प्रविंद्र रौतेला, रो. गिरीश बिष्ट, रो. आर पी सिंह, रो. विनय लाहोटी, रो. मोहन रावत, रो. राकेश बहुगुणा, रो. आर एस कालाकोटी, रो. डा. प्रवींद्र रौतेला, रो. विनोद गड़कोटी, रो. गिरीश गुप्ता, रो. रमेश शर्मा, रो. पी एस पपोला, रो. ललित मोहन भट्ट, डॉ भारत भूषण, विनय लाहोटी, सुदीप अग्रवाल, माणिक अग्रवाल, निधि अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, रचित बंसल, प्रफुल्ल गर्ग, और शोबन सिंह जीना बेस हॉस्पिटल से आई टीम में डॉ. ऊषा भट्ट, डॉ. प्राची थपलियाल, काउंसलर सरिता रावत, टेक्नीशियन गिरीश मौनी, दिलीप बिष्ट, नर्सिंग ऑफिसर गोविंद सिंह, डाटा एंट्री वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

